मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वामित्व कार्ड वितरण का किया शुभारंभ

छत्तीसगढ़ राज्य के 10 जिलों में मंत्रीगणों की उपस्थिति में स्वामित्व कार्ड का हूआ वितरण

- स्वामित्व योजना ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने की प्रभावी पहल- मुख्यमंत्री साय
- भूमि संबंधित मामलों में अत्याधुनिक डिजिटल तकनीकों के उपयोग को राज्य सरकार दे रही है बढ़ावा - मुख्यमंत्री
- भू-अभिलेखों को पारदर्शी और प्रभावी बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता

रायपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मंशा और दूरदर्शी सोच के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा स्वामित्व योजना को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए मजबूती से कदम उठाया गया है। स्वामित्व योजना ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने की प्रभावी पहल है। संपत्ति का अधिकार केवल भूमि और अन्य संसाधनों के कानूनी स्वामित्व तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि यह व्यक्तियों और समुदायों को आत्मनिर्भरता, स्थिरता और सम्मानित जीवन जीने का आधार प्रदान करता है। यह अधिकार विशेष रूप से हमारे समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के लिए आर्थिक, सामाजिक और व्यक्तिगत स्वतंत्रता सुनिश्चित करता है, इसलिए भू-अभिलेखों को पारदर्शी और प्रभावी बनाना हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज महासमुंद में आयोजित स्वामित्व कार्ड वितरण सामरोह को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी स्वामित्व कार्ड के लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आज महासमुंद जिले के 128 गांवों के 10 हजार 850 लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना से भूमि का मालिकाना हक सीमाओं का न सिर्फ स्पष्ट निर्धारण होगा, इससे भू-संबंधी विवादों में कमी भी आएगी।मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हम भूमि संबंधित मामलों में अत्याधुनिक डिजिटल तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं, जिससे ग्राम पंचायतों को उच्च-रिज़ॉल्यूशन डिजिटल मानचित्र उपलब्ध कराए जा सकें। यह बेहतर सड़कें, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल और अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण में मदद करेगा, जिससे विकास की गति तेज होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने रजिस्ट्री प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाने के लिए "सुगम एप" विकसित किया है और दस्तावेजों के डिजिटलीकरण पर कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ को अभी 3 लाख 88 हजार नवीन प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति और मिली है। साथ ही भविष्य में भी 4 लाख नये आवासों की स्वीकृति भी मिलेगी। हमारी सरकार बनते ही 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी गई थी। राज्य में अभी आवास प्लस 2024 में सर्वे का कार्य प्रारम्भ हो गया है। उन्होंने कहा कि मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि अब ढाई एकड़ सिंचित या 5 एकड़ असिंचित जमीन तथा जिनके पास टू व्हीलर होगा, उन्हें भी इसका लाभ मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज देशव्यापी स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम में दिल्ली से वर्चुअल रूप से जुड़े और 50 हजार गांवों में 65 लाख ग्रामीणों को उनकी काबिज भूमि का स्वामित्व कार्ड प्रदान किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने योजना के लाभार्थियों को संबोधित किया और उनसे संवाद भी किया।

मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम में प्रदेशवासियों को प्रयागराज महाकुंभ का सहभागी बनने के लिए निमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रयागराज सेक्टर 6 अंतर्गत साढ़े 4 एकड़ क्षेत्र में भव्य पंडाल छत्तीसगढ़ वासियों के लिए निर्मित किया गया है। यहां उनके ठहरने और भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इस वर्ष 31 जनवरी तक धान खरीदी होगी। अभी तक 132 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदी हो चुकी है तथा 23 लाख से अधिक किसान धान बेच चुके है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के पश्चात शीघ्र ही अंतर की राशि प्रदान की जाएगी।

इस अवसर पर राजस्व एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने सभी लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य कर ही है। सबका साथ और सबका विकास एक नारा ही नहीं एक भाव है, जिसको सार्थक करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व कार्ड केवल एक दस्तावेज नहीं है, बल्कि आपके अधिकार, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का प्रमाण है।

कार्यक्रम में सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से जनहित के कामों में तेजी आयी है। कार्यक्रम को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, संपत अग्रवाल ने भी सम्बोधित किया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि ड्रोन सर्वे के माध्यम से 1073 गांव में सर्वे पूर्ण कर लिया गया है। जिसके माध्यम से 128 गांवों के 10850 लाभार्थियों का स्वामित्व कार्ड तैयार कर वितरण की शुरूआत की गई है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया, संयुक्ता सिंह, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व संसदीय सचिव पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक परेश बागबाहरा एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण एवं खास

शादी के लिए नहीं मानी तो युवती को मारा चाकू, आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर (आरएनएस)। एकतरफा प्यार में पड़े युवक ने शादी से इंकार करने पर युवती पर चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद फरार युवक ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया, जिसके बाद पुलिस रिमांड पर लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी है। घटना बंगालीपारा की है, जहां माता चौरा सरकंडा का रहने वाले सनद कश्यप ने युवती पर शादी से इंकार करने पर चाकू से हमला कर दिया। सरकंडा पुलिस धारा 109 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। आरोपी ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया, जहां से पुलिस रिमांड पर लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

वित्तमंत्री ओपी चौधरी के बंगले के बाहर बर्खास्त महिला शिक्षकों का प्रदर्शन, समायोजन की मांग

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां वित्तमंत्री ओपी चौधरी के बंगले के बाहर बर्खास्त सहायक महिला शिक्षक प्रदर्शन कर रही हैं। ये महिलाएं समायोजन की मांग को लेकर नारेबाजी कर रही हैं। प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल भी मौके पर मौजूद है। बताया जा रहा है कि यह महिला शिक्षक पिछले 15 महीनों से सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत थीं, लेकिन अब इनकी बर्खास्तगी के बाद समायोजन की मांग उठ रही है। प्रदर्शनकारी महिला शिक्षकों का कहना है कि उन्हें समायोजित किया जाए और इस सिलसिले में गठित कमेटी द्वारा रिपोर्ट की तारीख की कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। पुलिस की चेतावनी के बावजूद प्रदर्शनकारी महिलाएं हटने को तैयार नहीं हैं। पिछले दो घंटों से यह प्रदर्शन जारी है, जिससे स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

मोवा ओवरब्रिज की मरम्मत में लापरवाही, पांच अफसर निलंबित

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने विकास कार्यों में अनियमितता और लापरवाही करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए जीरो टॉलरेंस का परिचय दिया है। राज्य शासन ने सडक़ निर्माण और ओवरब्रिज मरम्मत कार्य में गड़बड़ी, लापरवाही, गुणवत्ताहीन कार्य और अनियमितता पर सख्ती बरतते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के विरूद्ध बीजापुर से लेकर रायपुर तक कड़ी कार्रवाई की है। राज्य शासन ने बीजापुर में सडक़ निर्माण में गड़बड़ी, भ्रष्टाचार, मिलीभगत, शासकीय राशि के अपव्यय और गुणवत्ताहीन कार्यों के दोषी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर के साथ ही निलंबन की भी कार्रवाई की है। एक अधिकारी को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। वहीं रायपुर में मोवा ओवरब्रिज की मरम्मत में अमानक एवं गुणवत्ताहीन कार्य और अनियमितता पर पांच अधिकारियों को निलंबित किया गया है।

गीधा और भालूचुंआ में खरसिया पुलिस की शराब रेड कार्यवाई: 22 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद, दो गिरफ्तार

रायगढ़

खरसिया थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम गीधा और भालूचुंआ में मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर अवैध महुआ शराब की खेप जब्त की। दोनों मामलों में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

पहली कार्रवाई: गीधा रोड पर पकड़ाया आरोपी

गीधा रोड पर थैले में शराब लेकर जा रहे कमलेश कुमार डनसेना (34 वर्ष), निवासी गीधा, को पुलिस ने रोका। पूछताछ में उसने बताया कि जरीकेन में महुआ शराब भरकर भैनापारा में बेचने जा रहा था। पुलिस ने उसके पास से दो प्लास्टिक जरीकेन में कुल 10 लीटर महुआ शराब बरामद की।

दूसरी कार्रवाई: भालूचुंआ तिराहा पर छापेमारी

भालूचुंआ तिराहा पर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बसनाझर से अवैध महुआ शराब बिक्री के लिए एक व्यक्ति आ रहा है। पुलिस ने मौके पर आरोपी लक्ष्मी प्रसाद चौहान (54 वर्ष), निवासी बसनाझर, को पकड़ा। उसके पास से दो जरीकेन और 2 लीटर की एक स्प्राइट बोतल में कुल 12 लीटर महुआ शराब, जिसकी कीमत रु.2400/- आंकी गई, बरामद की गई।

दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। अवैध शराब के खिलाफ इस प्रभावी कार्रवाई में महिला प्रधान आरक्षक सरोजनी राठौर, संजय कुमार मिंज, आरक्षक योगेश कुमार साहू मनोज भारती, प्रेम सिंह राठिया और अशोक कुमार कंवर का उल्लेखनीय योगदान रहा।

नाबालिग बालिका को भगा ले जाने वाला युवक गिरफ्तार, कोतरारोड़ पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में भेजा जेल

रायगढ़

नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कोतरारोड़ पुलिस ने गिरफ्तार कर पॉक्सो एक्ट के तहत न्यायिक रिमांड पर भेजा।

7 जनवरी को लैलूंगा थानाक्षेत्र निवासी व्यक्ति ने कोतरारोड़ थाने में अपनी नाबालिग बेटी के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई। शिकायत में बताया गया कि 2 जनवरी को बालिका अपने रिश्तेदार के साथ कोसमनारा मंदिर दर्शन के लिए गई थी और उसके बाद बिना किसी को बताए गायब हो गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 11/2025 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान बालिका के चंद्रशेखर यादव (22 वर्ष), निवासी छुहीपाली, थाना जुटमिल, रायगढ़, के साथ मित्रता होने की जानकारी मिली। कोतरारोड़ पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी के घर पर दबिश दी, जहां गुमशुदा बालिका को बरामद किया गया। महिला अधिकारी द्वारा बयान दर्ज करने पर बालिका ने बताया कि चंद्रशेखर यादव ने शादी का झांसा देकर उसे मोटरसाइकिल पर भगाया और शारीरिक संबंध बनाए।

पुलिस ने बालिका का मेडिकल परीक्षण कराया और मामले में धारा 65(1), 87 बीएनएस और 4, 6 पॉक्सो एक्ट जोड़ा। इसके बाद आरोपी चंद्रशेखर यादव को हिरासत में लिया गया। आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया। घटना में प्रयुक्त काले-नीले रंग की मोटरसाइकिल (CG 13 AR 0986) को भी जब्त कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी आकाश मरकाम के मार्गदर्शन व डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह के सतत पर्यवेक्षण में आरोपी को पकड़ने और मामले को सुलझाने में निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी, उप निरीक्षक जे. एक्का, कुसुम कैवर्त, सहायक उप निरीक्षक देव प्रसाद चौहान, आरक्षक चंद्रेश पांडेय, राकेश नायक और महिला आरक्षक श्यामा सिदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

उपमुख्यमंत्री शर्मा की उपस्थिति में तकनीकी शिक्षा और सीएसआरबॉक्स फाउंडेशन, सीआईआई यंग इंडियंस और अपनाटेक प्राइवेट लिमिटेड के मध्य हुआ एमओयू

- छत्तीसगढ़ सरकार युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के अवसर प्रदान करने पूरी तरह प्रतिबद्ध - उपमुख्यमंत्री शर्मा
- अनुबंध छत्तीसगढ़ के युवाओं के भविष्य को संवारने में मील का पत्थर होगा साबित

रायपुर

छत्तीसगढ़ में युवाओं को रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में नई संभावनाएं प्रदान करने के उद्देश्य से आज शहीद स्मारक ऑडिटोरियम, रायपुर में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और वन एवं कौशल विकास मंत्री केदार कश्यप के मुख्य आतिथ्य में कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और रोजगार विभाग के सचिव एस भारतीदासन ने सीएसआरबॉक्स फाउंडेशन, सीआईआई यंग इंडियंस और अपनाटेक प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर संचालक तकनीकी शिक्षा और रोजगार ऋतुराज रघुवंशी, अपनाटेक प्राइवेट लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट डॉ प्रीतसिंह, सीएसआरबॉक्स फाउंडेशन के वाइस प्रेसिडेंट मनो विराज सिंह, वाईस प्रेजिडेंट और सीआईआई यंग इंडियंस के चेयर पर्सन गौरव अग्रवाल के अलावा अन्य अधिकारी कर्मचारी और विभिन्न संस्थान के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

अनुबंध निष्पादन समारोह के अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार युवाओं के कौशल विकास और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज का यह अनुबंध छत्तीसगढ़ के युवाओं के भविष्य को संवारने में मील का पत्थर साबित होगा। हमारा उद्देश्य केवल युवाओं को नौकरी देना नहीं है, बल्कि उन्हें ऐसा कौशल प्रदान करना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर सकें। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हर छात्र चाहे वह आईटीआई से हो इंजीनियरिंग कॉलेज से हो या पॉलीटेक्निक से उसके पास रोजगार का उचित अवसर हो। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि रोजगार के लिए पंजीकृत छात्रों का डेटा पूरी तरह सुरक्षित रहेगा और यह केवल राज्य के हित में उपयोग किया जाएगा। उन्होंने यह भरोसा दिलाया कि अनुबंध के तहत जो भी सेवाएं प्रदान की जाएंगी, वे पूर्ण पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित की जाएंगी।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने युवाओं से सीजी रोजगार पोर्टल पर पंजीकरण करने की अपील करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर युवा को उसकी क्षमता और योग्यता के अनुरूप एक सही दिशा मिले। युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए यह सरकार हर संभव प्रयास करेगी। अपनाटेक प्राइवेट लिमिटेड, सीएसआरबॉक्स और सीआईआई यंग इंडियंस जैसे साझेदारों के साथ मिलकर राज्य में रोजगार और कौशल विकास का एक नया युग शुरू हो रहा है। आईबीएम द्वारा फ्री ऑफ कॉस्ट सर्टिफिकेशन कोर्स करवाया जाएगा जो राज्य के आईटीआई, इंजीनियरिंग और पॉलीटेक्निक कॉलेजों में उपलब्ध होगा। इस कोर्स से छात्रों को वैश्विक मानकों के अनुसार प्रशिक्षित किया जाएगा और कम से कम 10% छात्रों को रोजगार सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि युवा अगर चाहे तो बड़े से बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

आईपीएस जीपी सिंह को डीजीपी के पेनल में शामिल करने के बारे में राज्य सरकार ने यूपीएससी को भेजा जवाब

रायपुर। आरएनएस

छत्तीसगढ़ राज्य के डीजीपी अशोक जुनेजा को एक्सटेंशन की खबरों के बीच नए डीजीपी नियुक्ति की कवायदें भी तेज हो गई है। जुनेजा का छह महीने का एक्सटेंशन आज से ठीक 16 दिन बार 4 फरवरी को समाप्त हो जाएगा।

मगर उनके एक्सटेंशन का दावा करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। दावां का आधार केंद्रिय गृह मंत्री अमित शाह की वह घोषणा है, जिसमें उन्होंने मार्च 2026 तक देश को नक्सल मुक्त करने का ऐलान किया है। और देश का सबसे बड़ा नक्सल गढ़ छत्तीसगढ़ है।

नक्सलवाद करना है समाप्त

छत्तीसगढ़ से अगर नक्सलवाद समाप्त हो गया तो फिर माना जाएगा कि देश अब माओवादी हिंसा से मुक्त हो गया। याने नक्सलवाद की पूरी लड़ाई छत्तीसगढ़ पर निर्भर है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने चूकि नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक ऑपरेशन का टाईम बांड प्रोग्राम तय कर दिया है, इसलिए अगला एक साल काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जुनेजा को एक्सटेंशन देने के पीछे जो अटकलें लगाई जा रही, उसका एकमात्र आधार यही है।

पुलिस महकमे में हलचल तेज

उधर, छत्तीसगढ़ के डीजीपी अशोक जुनेजा का एक्सटेंशन का पीरियड जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, पुलिस महकमे में हलचल तेज होती जा रही है। सबकी नजरें यूपीएससी पर टिकी है, कि वहां से किस तरह का पेनल बनता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और गारंटी पूरी

मुख्यमंत्री साय ने की भूमिहीन श्रमिकों को 10-10 हजार रुपए सालाना देने की घोषणा

- सक्ती जिले के दमऊदरहा को पर्यटन स्थल के रूप में किया जाएगा विकसित
- सक्ती जिले में 168 करोड़ रुपए के विकास कार्यों लोकार्पण-शिलान्यास

रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मोदी जी की एक और गारण्टी को पूरी करने की घोषणा की है। राज्य के ग्रामीण भूमिहीन श्रमिकों को अब 10-10 हजार रूपए की राशि सालाना प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री साय ने राज्य सरकार के एक साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय सक्ती में आयोजित कार्यक्रम में आज ये घोषणा की। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश के 5 लाख 62 हजार श्रमिकों को फायदा मिलेगा।

मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर सक्ती जिले के दमऊदरहा को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आज लगभग 170 करोड़ रुपए के विकास कार्यों से सक्ती जिले के विकास को नई गति मिलेगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री साय ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत विवाह बंधन में बंधे 15 जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह शुभ अवसर प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ का भी है। 144 साल बाद यह शुभ संयोग बना है। सनातन धर्म की इस महान परंपरा का पुण्य लाभ लेने का यह अच्छा अवसर है। हमारे छत्तीसगढ़ के तीर्थयात्री भी इसका लाभ उठायें, इसके लिए हमारी सरकार ने मेलास्थल में साढ़े चार एकड़ क्षेत्र में विशेष व्यवस्था की है। हमारे प्रदेश से जो श्रद्धालु वहां जा रहे हैं, वहां उनके लिए ठहरने और भोजन का भी इंतजाम है। प्रयागराज में छत्तीसगढ़ पैवेलियन में हमने अपनी छत्तीसगढ़ी संस्कृति को विशिष्ट रूप से दिखाया है जो लोगों को काफी भा रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हम लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम कर रहे हैं। पहली कैबिनेट बैठक में 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी गई है। पहले चरण में 8.47 लाख आवास निर्माण को स्वीकृति मिली थी। इनमें से कई हितग्राही अपने आवास में गृह प्रवेश कर रहे है। बीते दिनों केंद्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान दुर्ग के नगपुरा आए थे जहां उन्होंने 3.5 लाख अतिरिक्त आवास की स्वीकृति दी है। इसके साथ ही आवास प्लस के सर्वे का काम भी शुरू कर दिया गया है। पीएम आवास के लिए पात्रता का दायरा बढ़ा दिया गया है। अब जिनके पास दो पहिया वाहन है, 2.5 एकड़ सिंचित भूमि अथवा 5 एकड़ असिचिंत भूमि, 15 हजार तक की मासिक आमदनी है, वे भी आवास हेतु आवेदन कर सकते हैं। आवास स्वीकृति की प्रक्रिया को सरल बनाने ऑनलाइन ऐप लॉन्च किया गया है। इससे किसी भी व्यक्ति द्वारा घर बैठे ही आवेदन किया जा सकेगा।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता जिन विकास कार्यों की राह देख रही थी, उसे हम आज पूरी तेजी से पूरा करने का काम कर रहे हैं। जनता का पैसा जनता के कामों में लग रहा है। सक्ती जिले में 6 नगरीय निकायों के लिए बीते एक साल में 77 करोड़ रुपए दिए गए। 31 सौ रूपये में धान खरीदी हो रही, महतारी वंदन का पैसा हर महीने मिल रहा है, आवास का निर्माण तेजी से हो रहा है, इससे ग्रामीण विकास को नई रफ्तार मिली है। कार्यक्रम को सांसद कमलेश जांगड़े ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर विधायक रामकुमार यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480